# देश के चार उत्कृष्ट संस्थानों में सीडीआरआई

## प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष उत्कृष्टता केंद्रों का किया ऑनलाइन उद्घाटन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। सीडीआरआई अब देश के चार उत्कृष्ट संस्थानों में शामिल हो गया है। आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार आयुष उत्कृष्टता केंद्रों का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इनमें लखनऊ का सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) का सीडीआरआई (केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान) भी शामिल है। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी संस्थान में मौजूद रहे।

सीडीआरआई में आयुष उत्कृष्टता केंद्र के ऑनलाइन उद्घाटन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व निदेशक डॉ. राधा रंगराजन। स्रोत-संस्थान

### आधुनिक चिकित्सा के साथ बढ़ेगी पारंपरिक चिकित्सा : ब्रजेश पाठक

इस अवसर पर सीडीआरआई में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इन चार आयुष उत्कृष्टता केंद्रों के उद्घाटन के बाद आधुनिक चिकित्सा के साथ पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आगे बढ़ सकेगी। सीडीआरआई की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने संस्थान के आयुर्वेदिक अनुसंधान व नवाचार में उल्लेखनीय योगदान की जानकारी दी।

मुख्य कार्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) नई दिल्ली में आयोजित किया गया। लखनऊ के अलावा बंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान, आईआईटी दिल्ली और दिल्ली के ही जेएनयू के नाम शामिल हैं। बंगलूरू में मधुमेह व अन्य विकारों के लिए, आईआईटी दिल्ली में रसायन चिकित्सीय स्थायी आयुष, जेएनयू में आयुर्वेद और सिस्टम्स मेडिसिन और लखनऊ के सीएसआईआर-सीडीआईआर में आयुर्वेद में मौलिक और अनुवादात्मक अनुसंधान पर काम होगा।

इसका उद्देश्य चुनिंदा जड़ी-बूटी के अर्क व पादप-घटकों के प्रभावों का वैज्ञानिक रूप से परीक्षण करके प्रतिरक्षा कार्यों, सूजन-रोधी प्रतिक्रियाओं और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गतिविधियों का मूल्यांकन करना है। इन शोधों को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएस एफडीए) जैसे नियामक निकायों की मंजूरी दिलाने पर काम होगा।